प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email: helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, एस.बी.एस.मार्ग, मुंबई-400001
Department of Communication, Central Office, S.B.S.Marg, Mumbai-400001
फोन/Phone: 022- 22660502

15 सितंबर 2021

आरबीआई ने भारतीय अर्थव्यवस्था संबंधी सांख्यिकी की विवरण पुस्तिका (हैंडबुक) 2020-21 जारी की

रिज़र्व बैंक ने आज "भारतीय अर्थव्यवस्था संबंधी सांख्यिकी की विवरण पुस्तिका, 2020-21" (एचबीएस) शीर्षक से अपना वार्षिक प्रकाशन जारी किया। यह प्रकाशन, श्रृंखला में 23वां, भारतीय अर्थव्यवस्था से संबंधित विभिन्न आर्थिक और वित्तीय संकेतकों पर समय श्रृंखला डाटा प्रसारित करता है। वर्तमान अंक में 237 सांख्यिकीय तालिकाएँ शामिल हैं, जो राष्ट्रीय आय समुच्चय, उत्पादन, मूल्य, धन, बैंकिंग, वित्तीय बाज़ारों, सार्वजनिक वित्त, विदेशी व्यापार और भुगतान संतुलन तथा चुनिंदा सामाजिक-आर्थिक संकेतकों को कवर किया गया है।

दीर्घावधि-श्रृंखलाएँ भी रिज़र्व बैंक के आंकड़ा भंडार पोर्टल "भारतीय अर्थव्यवस्था पर डेटाबेस (डीबीआईई)" (https://dbie.rbi.org.in), जहाँ सभी आंकड़ा श्रृंखलाएँ समय-समय पर अद्यतन की जाती हैं, पर उपलब्ध हैं।

एचबीएस पर प्रतिक्रिया/टिप्पणियों का स्वागत है और इसे (i) डीबीआईई पोर्टल (https://dbie.rbi.org.in) पर उपलब्ध फीडबैक बटन के माध्यम से या (ii) ईमेल द्वारा; या (iii) निदेशक, आंकड़ा प्रबंध और प्रसार प्रभाग, सांख्यिकी और सूचना प्रबंध विभाग, भारतीय रिज़र्व बैंक, सी-9/3री मंजिल, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, मुंबई 400 051 को भेजा जा सकता है।

इस प्रकाशन की खरीद के लिए ऑर्डर, डिमांड ड्राफ्ट या भारतीय रिज़र्व बैंक के पक्ष में तैयार चेक, केवल मुंबई में देय, के माध्यम से भुगतान के बाद निदेशक, रिपोर्ट और ज्ञान प्रसार विभाग (बिक्री अनुभाग), आर्थिक और नीति अनुसंधान विभाग, भारतीय रिज़र्व बैंक, अमर बिल्डिंग, भूतल, पीएम रोड, मुंबई-400 001 को दिया जा सकता है। । इसके वर्तमान और पिछले अंकों का इलेक्ट्रॉनिक प्रारूप भी रिज़र्व बैंक की वेबसाइट (www.rbi.org.in) से आसानी से डाउनलोड किया जा सकता है।

(योगेश दयाल)
मुख्य महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी: 2021-2022/868